Title: Need for setting up of a Central University in Bulsar Parliamentary Constituency, Gujarat.- Laid.

श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़) : * महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बलसाड़ एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, इसमें केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अभाव में इस क्षेत्र के आदिवासी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं या फिर देश के अन्य भागों में जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस क्षेत्र की आदिवासी जनता गरीब है। वह अपने बच्चों की उच्च शिक्षा बाहर से करवाने में आर्थक रूप से असमर्थ हैं, जिसके फलस्वरूप इन छात्र छात्राओं की प्रतिभा आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग में ठीक से नहीं उभर पा रही है।

महोदय, आज देश बहुत तेजी से विकास के रास्ते पर अग्रसर है। इस तेजी में हमें समाज के पिछड़े क्षेत्रों के आदिवासी लोगों को साथ साथ लेकर चलना है। यदि हमें उन्हें इस युग में पीछे छोड़ देंगे तो फिर एक बार आदिवासी समाज की देश की मुख्य धारा में पीछे रह जाएगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि गुजरात के आदिवासी क्षेत्र बलसाड़ में केन्द्रीय विश्वविद्यालय शीघ्र बनाया जाये।

---

* Laid on the Table .